दैनिक प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित


RNI NO- UPBIL/2021/83001

बर्ष :-02 अंक :-235 मुरादाबाद 22 December 2022 (Thursday) पृष्ठः-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी का निर्देश, कोरोना गाइडलाइंस के अनुसार रैन बसेरों का करें संचालन, प्रोटोकॉल सुनिश्चित करें

यूपी में कोरोना को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसे लेकर सभी नगर आयुक्तों व अधिशासी अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि रैन बसेरों के संचालन में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें।चीन में कोरोना के बढ़ रहे खतरे की आ रही खबरों के बीच उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भी सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से खासकर बेसहारा, निराश्रित और कमजोर वर्ग के असुरक्षित लोगों को बढ़ती ठंड और शीतलहर के साथ कोरोना से बचाने के लिए कोरोना गाइडलाइंस के अनुसार रैन बसेरों का संचालन करने का निर्देश दिए गए हैं। जारी दिशा निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि रैन बसेरों में साफ-सफाई के साथ कोरोना प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाए। नियमित सेनेटाइजेशन हो और सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखा जाए। उल्लेखनीय है कि चीन में कोरोना संक्रमण के कई नए मामले सामने आए हैं। इसे देखते हुए योगी सरकार भी सतर्क हो गई है।



### कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन हो सुनिश्चित

हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए गरीबों, निराश्रितों व कमजोर वर्ग के लोगों के लिए रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय निदेशालय की डायरेक्टर नेहा शर्मा की ओर से समस्त नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के अंतर्गत दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों में कोविड प्रोटोकॉल के पालन को अनिवार्य बताया गया है। निर्देश दिया गया है कि रैन बसेरों में नियमित रूप से सेनेटाइजेशन की कार्यवाही संचालित की जाए और कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सामाजिक दूरी ( सोशल डिस्टेंसिंग ) का भी अनुपालन कराया जाए। निर्देशों का अनुपालन करते हुए निकाय में संचालित रैन बसेरों का विस्तृत विवरण निदेशालय के गूगल लिंक पर प्रतिदिन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि जिलों में संचालित समस्त रैन बसेरों में व्यवस्थाओं की राज्य स्तर पर निगरानी की जा सके।उसके दृष्टिगत एहतियातन हमें भी अब थोड़ा और सतर्क होने की जरूरत है। ये निर्देश सामान्य निर्देशों के क्रम में ही थे लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इनका अनुपालन करना आवश्यक और अनिवार्य है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रोएक्टिव एक्शन के तहत ये निर्देश जारी किए गए हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट से आगे यदि कोई और निर्देश मिलता है तो उसके भी अनुपालन को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा।

### कोई भी न सोए खुले में

कोरोना प्रोटोकॉल के अलावा जो दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, उनमें कहा गया है कि नगरीय निकायों में सड़क, फुटपाथ एवं अन्य खुले स्थानों पर रात में सोने वाले निराश्रित असहाय एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने हेतु रैन बसेरों को तत्काल शुरू किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सार्वजनिक स्थानों यथा सड़क, पटरी, अस्पताल, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, मंदिर और सार्वजनिक बाजार इत्यादि में कोई भी असहाय व्यक्ति खुले में न सोए। ये भी कहा गया है कि नगर आयुक्त अपने निकाय में भ्रमण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी अवस्था में कोई भी आश्रयहीन व्यक्ति खुले में न सोए। यदि कोई व्यक्ति खुले में सोया हुआ पाया जाता है तो उसे निकटतम रैन बसेरे में रहने की उचित व्यवस्था प्रदान की जाए। रैन बसेरों में सुविधाएं अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण हों तथा इनमें साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल एवं प्रकाश की व्यवस्था की जाए। महिलाओं एवं पुरुषों के सोने व शौचालय की अगल व्यवस्था हो।

### कंबल वितरण और अलाव जलाने के भी निर्देश

जारी निर्देशों में यह भी अपेक्षा की गई है कि नगर आयुक्त, एवं अधिशासी अधिकारी व्यापार मंडल, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं बैंकिंग संस्थाओं आदि से समन्वय स्थापित कर निराश्रित एवं कमजोर वर्गों के अनुरक्षित व्यक्तियों को कंबल वितरण की व्यवस्था कराएं। साथ ही नगरीय क्षेत्रों में अलाव जलाने के लिए सार्वजनिक स्थानों का चिन्हीकरण कर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर आयुक्तों को ये भी निर्देश है कि वो रात में भ्रमण कर खुले में सोने वाले व्यक्तियों को रैन बसेरों में पहुंचाने की व्यवस्था कराएं, ताकि किसी भी व्यक्ति की खुले में सोने से मृत्यु न हो। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए।

## मणिपुर के नोनी जिले में पलटी बस, 5 छात्रों की मौत; 20 से ज्यादा घायल




इंफाल, एजेंसी। मणिपुर के नोनी जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां एक बस पलटने से उसमें सवार पांच छात्रों की मौत हो गई है। हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने इस हादसे की जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि ये हादसा राजधानी इंफाल से करीब 55 किलोमीटर दूर पहाड़ी जिले के लोंगसाई इलाके के पास ओल्ड कछार रोड पर हुआ है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने हादसे से जुड़ा एक वीडियो ट्वीट किया है। इस वीडियो में एक बस पलटी दिखाई दे रही है। बस के आसपास भीड़ भी दिखाई दे रही है।स्टडी टूर पर जा रहे थे छात्र- पुलिस ने बताया कि सभी छात्र थम्बलनू हायर सेकेंडरी स्कूल के हैं। छात्र दो बसों से नोनी जिले के खौपुम में स्टडी टूर के लिए जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि जिस बस में छात्राएं सफर कर रही थीं, चालक के नियंत्रण खो देने के बाद वह पलट गई। इस हादसे के बाद छात्रों की चीख-पुकार मच गई। हादसे की जानकारी फौरन पुलिस को दी गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## भारत में पाए गए ओमिक्रॉन सब वेरिएंट BF.7 के 3 मामले, भारत सरकार हुई सतर्क

नई दिल्ली। ओमिक्रॉन के सब वैरिएंट BF.7 के तीन मामले ही अब तक भारत में पाए गए हैं जिनकी वजह से चीन में कोविड मामलों में इन दिनों बढ़ोतरी हो रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को इसकी सूचना दी है। गुजरात जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र द्वारा अक्टूबर में भारत में BF.7 के पहले मामले का पता चला था। उन्होंने कहा कि अब तक गुजरात से दो मामले सामने आए हैं जबकि ओडिशा से एक मामला सामने आया है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कोविड समीक्षा बैठक में विशेषज्ञों ने कहा कि हालांकि अभी तक कोविड मामलों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है, लेकिन मौजूदा स्थिति पर नजर रखने के लिए लगातार निगरानी की आवश्यकता है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चीनी शहर वर्तमान में अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन स्ट्रेन की चपेट में हैं, ज्यादातर BF.7 जो बीजिंग में फैलने वाला मुख्य वेरिएंट है। जिसके कारण चीन में लगातार कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है।एक आधिकारिक सूत्र ने यह भी बताया कि चीन में BF.7 के कारण जिस करह कोरोना के मामले बढ़े हैं उसके पीछे पिछली लहर में चीनी आबादी में मजबूत इम्यूनिटी का नहीं बनना और संभवतः कमजोर टीकाकरण भी एक कारण हो सकता है। BF.l, Omicron वैरिएंट BA.5 की एक सब-वेरिएंट है और इसकी सबसे मजबूत संक्रमण क्षमता है क्योंकि यह अत्यधिक संचरित होता है, इसकी ऊष्मायन अवधि कम होती है, और इसमें पुनः संक्रमण पैदा करने या उन लोगों को भी संक्रमित करने की उच्च क्षमता होती है, जिन्हें टीका लगाया जाता है। यह अमेरिका, ब्रिटेन और बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस और डेनमार्क जैसे यूरोपीय देशों सहित कई अन्य देशों में पहले ही पाया जा चुका है।तेज़ी से संक्रमण फैलाने की क्षमता रखता है BF.7- जैसा कि चीन में कोविड की स्थिति से साफ है कि BF.7, वहां तेज़ी से लोगों में संक्रमण को फैला रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ओमिक्रॉन BF.7 लोगों को जल्दी शिकार बनाने की ताकत रखता है, जिसके लक्षण भी संक्रमित होने के बाद जल्दी दिखने लगते हैं, जिससे लोग आसानी से संक्रमित हो जाते हैं। BF.7 से जुड़े लक्षण- खबरों के मुताबिक, BF.7 वेरिएंट श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से को इन्फेक्ट करता है। जिसकी वजह से नीचे बताए गए लक्षण दिखते हैं इंग्लैंड में भी बढ़ रहे हैं कोविड के मामले- चीन में कोरोना वायरस से मच रही तबाही की खबरों के बीच यूके के कई हिस्सों में भी कोविड-19 संक्रमण के बढ़ने के मामले सामने आए हैं। दिसंबर के शुरुआत में मामले 13 लाख तक पहुंच गए थे। हालांकि, ये आंकड़ा अब भी पिछले साल के कहर से कम है। इसी बीच कोरोना वायरस इन्फेक्शन के 10 सबसे आम लक्षणों की लिस्ट में भी बदलाव आए हैं। आइए जानें कि अब कोविड के आम लक्षणों में क्या-क्या शामिल है।

# धनीपुर प्राइमरी पाठशाला की चारदीवारी को तत्काल बनवाया जाए अन्यथा होगी कार्यवाही- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने धनीपुर प्राइमरी पाठशाला की चारदीवारी बनवाने की मांग शिक्षा विभाग से की है उन्होंने कहा है कि इस प्राइमरी पाठशाला के जब तक चारदीवारी नहीं बनेगी तब तक पशुओं को इसमें घुसने से रोका नहीं जा सकता सोच आदि करते हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि पूरा स्कूल का प्रांगण तमाम पशु गंदगी करते अंदर बच्चे खेलते हैं स्कूल नाम की कोई चीज दिखाई नहीं देती उन्होंने यह भी कहा है कि इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत भी करा दिया गया है इसकी मरम्मत के लिए पैसा भी शिक्षा विभाग को सरकार ने दे दिया इस प्राइमरी पाठशाला की चार दीवारों को तत्काल बनवाया जाए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि स्कूल के चारो तरफ गंदगी रहती है नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को कभी-कभी बुलाकर सफाई कराई जाती है यहां पर स्थाई सफाई कर्मचारी ने किया जाए यह धोती समस्याएं स्कूल की काफी गंभीर है इस पर तत्काल ध्यान दिया जाए

# उत्तराखंड की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष ने अस्सी घाट पर उतारी मां गंगा की आरती



उत्तराखंड की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी बुधवार को वाराणसी पहुंचीं। अस्सी घाट पर नमामि गंगे टीम के साथ मां गंगा की आरती उतारी, फिर श्रमदान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता संदेश को आगे बढ़ाया। गंगा महज नदी नहीं, बल्कि राष्ट्र की जीवनधारा है। नदियां संस्कृति की संरक्षक और संवाहक भी हैं। हमें मिलकर नदियों का संरक्षण करना है। यह कहना है उत्तराखंड की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी का। वह बुधवार को वाराणसी आईं और स्वच्छता का संदेश भी दिया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी बुधवार को अस्सी घाट पहुंचीं। सबसे पहले नमामि गंगे टीम के साथ मां गंगा की आरती उतारी, फिर श्रमदान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता संदेश को आगे बढ़ाया। साथ ही आम जनता से स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की। विधानसभा अध्यक्ष ने अस्सी घाट से भव्य-दिव्य गंगा द्वार तक घाटों की आभा को निहारा। नौका विहार कर काशी के चौरासी घाटों की महिमा की जानकारी ली। इसी दौरान नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि गंगा के प्रति हमारे जो सरोकार हैं, उसे समझना होगा। इसे ईमानदारी से निभाना भी पड़ेगा। इस मौके पर शिवदत्त द्विवेदी, बीना गुप्ता, सारिका गुप्ता, सीमा चौधरी मौजूद रहीं।

# 10 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती मय थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा जरिये मुखबिर खास की सूचना पर पश्चिमी केवटन पुरवा दा0 सेमगढ़ा से अनन्तराम पुत्र नागेशर निवासी पश्चिमी केवटन पुरवा दा0 सेमगढ़ा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को 10 लीटर नाजायज कच्ची शराब मय उपकरण (भट्ठी) के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना इकौना पर मुकदमा आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया।

# बन्दरहा बाबा मंदिर पर विशाल भण्डारे का आयोजन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती विकास खण्ड जमुनहा के अंतर्गत मल्हीपुर खुर्द के मजरा साईं गांव मे निर्माणाधीन बन्दरहा बाबा मंदिर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर कैलाश नाथ विश्वकर्मा, श्याम लाल वर्मा, दयाराम प्रजापति, शोभा राम विश्वकर्मा, जगदीश भार्गव, मिश्रीलाल शुक्ला तथा भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ओबीसी आरक्षण से जुड़ी याचिका पर आज भी नहीं आया फैसला, गुरुवार को भी होगी सुनवाई

राज्य सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि निकाय चुनाव के मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को ही आरक्षण का आधार माना जाए। साथ ही इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट गुरुवार को भी सुनवाई करेगी।निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में दाखिल जनहित याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई हुई। हालांकि समय की कमी के चलते सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। कल भी सुनवाई जारी रहेगी। इसी के साथ न्यायालय ने निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करने पर लगाई गई रोक को भी कल तक के लिए बढ़ा दिया है। लगभग 2-45 से शुरू हुई बहस के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है, इसका सामाजिक, आर्थिक अथवा शैक्षिक पिछड़ेपन से कोई लेना देना नहीं है, लिहाजा ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पूर्व सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है। मंगलवार को हुई सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में अभी तक मांगे गए सारे जवाब दाखिल कर दिए गए हैं। इस पर याचियों के वकीलों ने आपत्ति करते हुए सरकार से विस्तृत जवाब मांगे जाने की गुजारिश की, जिसे कोर्ट ने नहीं माना। जिसके बाद बुधवार को भी सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि निकाय चुनाव के मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को ही आरक्षण का आधार माना जाए। साथ ही इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। वहीं ट्रांसजेंडर्स को आरक्षण दिए जाने के मामले में नगर विकास विभाग के सचिव रंजन कुमार ने हलफनामे में कहा कि इन्हें चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता। वहीं सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने इस मामले को सुनवाई के बाद जल्द निस्तारित किए जाने का आग्रह किया। अदालत ने दोनों पक्षों के वकीलों से कहा है कि वह पूरी तैयारी से कोर्ट में आएं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण ही सुशासन सप्ताह का है उद्देश्य-जिलाधिकारी



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती,आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 19 दिसम्बर, 2022 से 25 दिसम्बर, 2022 तक ''सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर'' मनाया जा रहा है। जिसमें तहसील एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष कैम्पों का आयोजन करते हुए जनशिकायतों एवं सेवा सम्बन्धी आवेदनों का निस्तारण भी किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी, श्रावस्ती नेहा प्रकाश ने कहा कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण ही ''सुशासन सप्ताह'' का मुख्य उद्देश्य है। उन्होने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत जनपद में 563 जनशिकायतें से सम्बन्धित आवेदनों का निस्तारण किया गया।

# दुर्घटनाओं की संख्या में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाया जाए एवं दुर्घटनाओं व मृतकों की संख्या में कमी लाई जाए-जिलाधिकारी

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान मे सडक दुर्घटनाओ तथा ब्लैक स्पॉटो के सम्बन्ध मे जानकारी दी तथा बैठक में दुर्घटनाओं की संख्या, दुर्घटना के फलस्वरुप मृतकों की संख्या एवं घायलों की संख्या पर विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर दुर्घटनाओं की संख्या में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाया जाए एवं दुर्घटनाओं व मृतकों की संख्या में कमी लाई जाए। इसके लिए ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष ध्यान दिया जाए।

पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के साथ- साथ दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही संपादित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि दिसम्बर एवं जनवरी माह मे कोहरा पडने के कारण दुर्घटनाओ की सम्भावना बढ जाती है तथा किसानो के गन्ना टेक्टर ट्राली मे रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाये जाये ओर किसानो को भी जागरूक किया जाये। रोडवेज चालकों द्वारा बस को सडक पर ही रोकने के कारण दुर्घटना होने की सम्भावना के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने रोडवेज को निर्देशित किया कि वाहन चालको को जागरूक किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि एनएचएआई एवं ट्रेफिक पुलिस समन्वय के साथ कार्य करे। जिन ब्लैक स्पॉट में बजट आ चुका है, निविदाएं आमंत्रित हो चुकी हैं, उनका निर्माण कार्य 15 दिन के अंदर पूर्ण करा दिया जाए। शेष अन्य ब्लैक स्पॉट्स पर बजट की मांग एवं उसकी स्वीकृति होने पर निविदा आमंत्रित कार्यवाही को त्वरित गति से किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित नेक आदमी के विषय में समस्त सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों पर गाइडलाइन को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए। ऐसे नेक आदमियों की सूची परिवहन विभाग को सौंपा जाए, जो गोल्डन आवर में घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने में मदद करते हैं। जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाए जाने हेतु रोड इंजीनियरिंग, प्रवर्तन कार्यवाही, शिक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन की जागरूकता अभियान तथा त्वरित एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने पर बल दिया। सार्वजनिक सेवा यान से हुई दुर्घटनाओं के प्रकरणों के निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देशित किया कि वे समस्त न्यायिक अधिकारियों से जांच रिपोर्ट तत्काल प्राप्त कर लें ताकि उन्हें ताकि उन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त प्रतिभूति दिया जा सके। पुलिस अधीक्षक यातायात को हिट एंड रन के दुर्घटनाओं को व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं इंश्योरेंस कंपनी से समन्वय स्थापित करते हुए दुर्घटना में घायलों को 50 हजार तथा मृतकों को शासन द्वारा अनुमन्य रु0 2,00,000 दिए जाने हेतु जागरूकता अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया।

बैठक में समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित समस्त स्टेकहोल्डर्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों से आगामी बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सुझाव आमंत्रित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री आलोक वर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) श्री आर के सिंह, एसपी ट्रैफिक अशोक कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, पीडब्ल्यूडी, एआरटीओ, एनएचएआई, मद्य निषेद्य, ट्रेफिक पुलिस, परिवहन निगम, गन्ना नगर निगम व विद्युत विभाग व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण हेतु जनपदीय समिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - वर्ष 2022-23 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण हेतु जनपदीय समिति की बैठक जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में डीएम कैम्प सभाकक्ष में आयोजित हुई, जिसमें वर्ष 2023 की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर छात्र आवंटन के उपरांत 14 दिसम्बर 2022 तक प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा गठित जनपदीय समिति की बैठक में तहसीलबार प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा इस अवसर पर बताया गया कि आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त जनपदीय समिति



द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा हेतु 113 परीक्षा केन्द्र जिसमें तहसील मुरादाबाद सदर में 55, बिलारी में 21, कांठ में 13 तथा ठाकुरद्वारा में 24 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए जाने हेतु माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज को प्रेषित किए गये हैं। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक सहित उपजिलाधिकारीगण एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद ने बताया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/ जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद डॉ0 अजय कुमार-द्वितीय के दिशा-निर्देशन में आज राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह (किशोर), मुरादाबाद का निरीक्षण किया गया एवं राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह (किशोर), मुरादाबाद में निरूद्ध अपचारीयों को उनके अधिकारों से जागरूक करने के उद्देश्य से एक विधिक जागरूकता/ साक्षरता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद के तत्वाधान में किया गया। प्रभारी अधीक्षक श्री मुकेश कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि आज दिनॉक 21-12-2022 को राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह (किशोर), मुरादाबाद में कुल 140 अपचारी निरूद्ध हैं। जबकि सम्प्रेक्षण ग्रह (किशोर) में अपचारीयों की रूकने की क्षमता 50 की है। राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह (किशोर), मुरादाबाद में जनपद मुरादाबाद के कुल 61 अपचारी निरूद्ध हैं। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माधवी सिंह द्वारा अपचारीयों के विश्राम कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान अपचारीयों ने बताया कि उन्हें विधिक सहायता मिल रही है। अपर जिला जज/सचिव ने बंदियों को बताया कि उन्हें विधिक सहायता और अन्य किसी सहायता की आवश्यक है तो वे प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में प्रेषित कर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। निरीक्षण के समय प्रभारी अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी एवं कार्यालय लिपिक फैज उर रहमान शमसी उपस्थित रहें।

# आचार संहिता उल्लंघन में फंसे कांग्रेस नेता असद मौलाई की जमानत मंजूर

मुरादाबाद। आचार संहिता उल्लंघन मामले में फंसे कांग्रेसी नेता असद मौलाई की जमानत अर्जी अदालत ने स्वीकार कर ली है। मुरादाबाद लोक सभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके इमरान प्रतापगढ़ी और अहमद खान बेग के खिलाफ वारंट जारी करते हुए सुनवाई के लिए आगामी 9 जनवरी की तारीख लगा दी गई है। गलशहीद थाने में वर्ष 2019 में इमरान प्रतापगढ़ी व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेसी नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने रुपये देकर भीड़ एकत्र करने, पुलिस कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं समय समाप्त होने के बाद भी जुलूस निकालने का आरोप लगाया था। जिसमें कांग्रेसी नेता इमरान प्रतापगढ़ी, हाजी रिजवान कुरैशी, फैजान, मोहम्मद कामिल, अहमद खान बेग, असद मौलाई व अन्य नामजद किए गए थे। जिनकी सुनवाई एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट स्मिता गोस्वामी की अदालत में चल रही है। विशेष लोक अभियोजक मोहनलाल विश्नोई ने बताया कि मंगलवार को कांग्रेसी नेता असद मौलाई की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए तीस-तीस हजार रुपये के दो जमानती अदालत ने तलब किए हैं। साथ ही मुकदमे के मुख्य आरोपी इमरान प्रतापगढ़ी एवं अहमद खान बेग के खिलाफ वारंट जारी कर दिए गए हैं। मुकदमे की अगली सुनवाई 9 जनवरी को की जाएगी।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# War of words on China

The government and the opposition are completely divided on the issue of China. In a democracy, there is a line of differences between the government and the opposition, but there should not be such a war of words, which puts into question the country's integrity, army, security and borders. Senior Congress MP Rahul Gandhi is angry with the country's army, government, security, parliament etc. Congress President Mallikarjun Kharge has given a statement that Prime Minister Modi behaves like a lion from outside, but he walks like a mouse.' Such objectionable statements do not mean democracy. How long will you keep using such vile metaphors for the Prime Minister of the country and what will be achieved by it? Congress MP Manish Tiwari has termed the deployment of army on the border of China, the Line of Actual Control (LAC) as wrong. Wow! It is surprising that now the Congress party, not the command of the army, will teach the lesson of military deployment on the borders! Rahul Gandhi had said that our soldiers are being 'beaten' on the LAC. The government is asleep. China is preparing for war. They have encroached 2000 square kilometers of our land. The government does not want to answer any question. The Prime Minister is afraid to name China. After all, what does the Congress leader want to achieve by speaking the language of China and humiliating the soldiers? More or less, the statements of MPs like Rahul Gandhi and Manish Tiwari are not only unethical, wrong, but also against the interest of the country. Foreign Minister Jaishankar was also commented on to increase his thinking and understanding on Pakistan. It is ironic that now an average parliamentarian would ask such absurd questions to a personality like a professional diplomat, ambassador to many countries and former foreign secretary of the country! In the Rajya Sabha, Foreign Minister Jaishankar, without taking the name of any MP, put forward the government's stand that if the government was indifferent, then why would it have ordered the deployment of so many troops on the LAC? Army 'beating' clearly means that you are directly or indirectly insulting the army, soldiers, their families and ultimately the country, hurting them. However, apart from this political side, various former army officers Generals have cursed such leaders who are abusing the army. Our soldiers are guarding India's posts and border at altitudes of 13-17,000 feet, in snowy weather and sub-zero temperatures. The army is in some ways autonomous and it can make strategy on the border according to the situation. Any government can neither ignore the army nor tie its hands. Our border disputes with China are very unclear. China does not accept the 'McMahon Line', so the disputes have been deepening and getting complicated. China has been doing such activities since a long time, because this is its nature. The generals clearly say that where our fighter jets are stationed cannot be discussed in Parliament. What is the strategic formation of the army? What is the status of our nuclear weapons? Meanwhile, Prime Minister Modi while addressing in the North-East has made it clear that new bridges, new roads, new tunnels, airstrips etc. are being constructed on the border on a stingy basis. We will keep building as much as is required. Border areas are the gateway to the country's security.

# When Shahrukh wept bitterly with the children after closing the room, said- It hurts a lot when...

During the promotion of the film, Shahrukh Khan has expressed such a pain, after listening to which even his fans can become emotional. Shah Rukh told that there was a time when he used to cry sitting alone in the room with his children. Bollywood superstar Shah Rukh Khan is in limelight these days for his upcoming film Pathan. The song Besharam Rang of this film is very much discussed. In fact, in this song, the Home Minister of Madhya Pradesh has questioned Deepika Padukone's saffron bikini and green colour. After which there is a continuous demand for Boycott regarding the film. But apart from all this, Shah Rukh Khan and Deepika Padukone are busy promoting their film. Now Shahrukh Khan has expressed such a pain during the promotion of the film, after listening to which even his fans can become emotional.When Shahrukh used to cry in the room- Shahrukh Khan told that there was a time when he used to cry for his children. Used to cry sitting alone in the room together. During an interview, Shah Rukh Khan told that it was about the year 2014 when IPL matches were being held in Abu Dhabi. At that time our team was losing continuously. At that time I used to sit with my children and we all used to cry a lot. We used to cry and say- Oh man, today we have lost again, it is very sad. If the team loses then... - Shah Rukh Khan further said that when these matches started happening in India, then our team started winning and we won in 2014. I also won the IPL trophy. Shahrukh further said that no one should tell or not, but when the team loses, it hurts a lot. He said, no matter how much knowledge you give in life that it doesn't happen, it doesn't happen, but when the team loses, it hurts a lot. Upcoming film- Talk about Shah Rukh Khan's film Pathan Ki, it is releasing in theaters on 25 November. The film also stars Deepika Padukone and John Abraham along with Shah Rukh Khan. Even before the release of the film, there is a lot of controversy over it. Many people are also threatening not to release it. Now it remains to be seen whether this controversy has any effect on Pathan or on the contrary, the controversy benefits the film.



# Samantha out of the film 'Citadel' due to illness!

South industry actress Samantha Ruth Prabhu is in constant discussion about her health. Fans wait for his health update. Samantha is currently suffering from a disease called myositis. The actress had informed about her illness during October 2022. After this, many information related to his health came to the fore. Recently there was news that Samantha is going to take a break from acting for some time due to her illness. At the same time, Samantha has also left many Bollywood films to take a break. It is now being said that there is no truth in these reports. What is the reality? Actually, actress Samantha's spokesperson reacted to the news of her taking a break from acting and leaving several Bollywood films. The news was coming that Samantha has dropped out of Bollywood film 'Citadel' due to her illness. Now Samantha's spokesperson has put an end to these reports. He termed these reports as rumours. Also, informed about Samantha's health. From when will Samantha start work? During a conversation with the media, Samantha's spokesperson said, 'Samantha is currently resting. She will start shooting for the film 'Kushi' after Sankranti in January. After that, she will continue working in Bollywood films, but due to some reasons the shooting of the films may be delayed for about six months. In such a situation, she will now start shooting for her Hindi films from April or May itself.



# अधिवक्ताओं की सुरक्षा व्यवस्था की उठी मांग,मुल्जिमानों की जल्द गिरफ्तारी हो-रोहित पुण्डीर एडवोकेट

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन एटा के सभागार में शिवशंकर दुवे एडवोकेट फिरोजाबाद की हत्या होने पर बार के सम्मानित पदाधिकारीगणो/सदस्यों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण अधिवक्तागनो ने रखा।और इसके बाद बार के महासचिव रोहित पुण्डीर एडवोकेट के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन द्वारा जिलाधिकारी,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी को सौपा।इस अवसर पर एटा बार ने अधिवक्ता प्रोटेक्सन एक्ट की मांग की।और मृतक अधिवक्ता शिवशंकर दुवे एडवोकेट के परिजनों के लिए एक सरकारी नोकरी व 500000/- पचास लाख रुपए की मांग की है।फिरोजाबाद के अधिवक्ता की हत्या पर एटा के अधिवक्ताओ में काफी रोष व्याप्त है।इस अवसर पर पंकज कुमार एडवोकेट ने कहा कि सरकार को अधिवक्तागणो की सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए, और दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए।अन्यथा मृतक अधिवक्ता के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए एटा बार के अधिवक्ता आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जायेगे।इस अवसर पर पंकज कुमार एडवोकेट, बार के पूर्व अध्यक्ष बी पी सिंह एडवोकेट,महासचिव रोहित पुण्डीर एडवोकेट, ब्रजराज सिंह एडवोकेट, शैलेंद्र कुमार एडवोकेट ,कृष्ण पाल सिंह एडवोकेट, दीपक पाठक एडवोकेट, दिनेश यादव एडवोकेट, रूपराम सिंह वर्मा एडवोकेट, सतीश कुमार एडवोकेट, लोकेंद्र सिंह एडवोकेट, संजय उपाध्यय एडवोकेट ,बृजेश कुमार एडवोकेट,आरती यादव एडवोकेट, सरिता एडवोकेट ज्ञानेंद गौतम एडवोकेट,दीपक भारद्धाज, मनोज चौहानआदि लोग उपस्थित रहे।

# किसानों की आर्थिक मजबूती के लिए सरकार उठाए ठोस कदम : राजू आया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्या समय-समय पर किसानों के मुद्दों को लेकर आवाज उठाते रहते हैं, रविवार को राजू आर्या ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि डीएपी खाद और यूरिया केंद्रों पर किसानों को भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। राजू आर्या ने कहा कि डीएपी खाद व यूरिया केंद्रों पर किसानों की सुबह से ही लाइन लग जाती है ऐसी कड़कती ठंड में किसान पूरा दिन आसमान के नीचे खड़े हो निकाल देता है फिर भी उसे बड़ी मुश्किल से खाद मिल रही है, आखिर प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं..?? अगर किसान पूरा-पूरा दिन सरकारी व्यवस्था से जूझता रहेगा तो देश का कैसे भला होगा, इसलिए सरकार प्रशासनिक अमले में सुधार करे और ऐसे अधिकारियों पर उचित कार्यवाही करे जो समाचार पत्रों में अपने लिए वाहवाही छपवाकर किसानों का शोषण कर रहे हैं और सरकार की छवि को धूमिल कर रहे हैं। साथ ही राजू आर्या ने कहा कि किसानों को मिलने वाली डीएपी खाद व यूरिया की कीमतों में कटौती करे सरकार, अगर इतनी महंगी कीमतों पर किसानों को खाद व उर्वरक मिलेंगे तो कैसे किसानों की आय दोगुनी होगी इसलिए सरकार जल्द कीमतों पर विचार कर देश के अन्नदात को राहत दे, अगर देश को संपन्न बनाना है तो कृषि प्रधान देश के किसानों का आर्थिक मजबूत और संपन्न होना जरूरी है। इसके अलावा राजू आर्या ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी भी स्तर पर किसानों का शोषण होता है तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उसके लिए चाहे हमें आंदोलन का रास्ता क्यों ना अपनाना पड़े उसे अपनाने से पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर धीरज गुप्ता, किशु यादव,बसनपाल सिंह चौहान मोहर सिंह , हर्षित चौहान ,विशेष यादव ,विकाश यादव,शवम यादव,निल वर्मा, संजय श्रीवास्तव,तेंद्र यादव नेताजी कोयला, अजय सक्सेना,मनोज भगेल, मोनू ठाकुर, जितेंद्र सिंह,भूरे यादव, संदीप यादव, सहित सैकड़ों लोग उपस्तित रहे।

# वन स्टाप सेन्टर एवं शेल्टर होम, जनपद एटा का निरीक्षण किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त एक्शन प्लान के अन्तर्गत तथा श्री विजय शंकर उपाध्याय, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जनपद न्यायाधीश, एटा के निर्देशानुसार आज दिनांक 20-12-2022 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के तत्वावधान में श्री कैलाश कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के द्वारा वन स्टाप सेन्टर एवं शेल्टर होम, जनपद एटा का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में सचिव महोदय जी द्वारा वन स्टाप सेन्टर एवं शेल्टर होम में उपस्थित समस्त कर्मचारियों के बारे में पूँछा एवं उनकी उपस्थिति-पंजिका का निरीक्षण किया। वर्तमान में वन स्टाप सेन्टर में 03 महिलाएँ हैं। अधीक्षिका द्वारा बताया गया कि ये तीनों महिलाएँ अपने-अपने बयान अंकित कराने हेतु न्यायालय में गयीं हैं। इसके अतिरिक्त सचिव महोदय द्वारा शेल्टर होम का भी निरीक्षण किया गया। शेल्टर होम में रुकने वाली महिला एवं पुरुषों के कक्षों का भी निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त भोजनालय कक्ष का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें रुकने वाले महिला एवं पुरुषों के भोजन की पर्याप्त भोजन सामग्री पायी गयी। शेल्टर होम की अधीक्षिका द्वारा बताया गया कि इसकी निगरानी नगर पालिका परिषद, एटा द्वारा की जाती है। इस निरीक्षण में सचिव महोदय ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी महिला किस समय आई व किस समय गई इसका पूर्ण विवरण आगन्तुक पुस्तिका में दर्ज करें एवं समय -समय पर इसकी आख्या कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा को अवगत करायें। इस निरीक्षण के आयोजन पर वन स्टाप प्रबन्धक जागृति चतुर्वेदी, गरिमा अर्चना चौहान, वंदना, सुषमा सिकरवार एवं मध्यस्थगण श्री कन्हीलाल शर्मा, श्री योगेश कुमार सक्सैना व कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# आदर्श इंटर कॉलेज उम्मेदपुर के प्रिंसिपल को पत्र के माध्यम से मिली जान से मारने की धमकी




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा में आदर्श इंटर कॉलेज उम्मेदपुर के प्रिंसिपल को पत्र के माध्यम से मिली जान से मारने की धमकी, बाइक सवार बदमाश ने छात्र को दिया धमकी भरा पत्र, शिक्षकों में मचा हड़कंप, पीड़ित प्रिंसिपल ने पत्र के द्वारा धमकी देने वाले संदिग्ध अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाने में दी तहरीर, थाना सकीट एसएचओ अनुज कुमार ने पीड़ित की तहरीर पर मुक़दम्मा कराया दर्ज, जाँच के बाद जल्द कार्यवाही व का पीड़ित प्रिंसिपल को दिया आश्वाशन, प्रिंसिपल आदर्श मिश्रा उर्फ डैनी ने जताया अपनी जान का खतरा, 42 बर्ष पूर्व में सन 1981 में उनके पिता ओमप्रकाश मिश्रा जो उसी कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल थे रंजिश में उनकी भी कर दी थी हत्या, बदमाशों ने 42 पूर्व में उनके पिता की भी कर दी थी हत्या, पत्र भेजने वाले बदमाश ने पत्र में पिता की हत्या का भी किया है जिक्र, थाना सकीट क्षेत्र के आदर्श इंटर कॉलेज उम्मेदपुर के प्रिंसिपल को धमकी देने का मामला।

# डीजल की जगह बिक रहा 86 रुपये लीटर पानी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा जलेसर जमो स्थित पैट्रोल पम्प स्थित डीजल मे पानी मिला कर बेचा जा रहा है शिकायत कर्ता लालू बघेल मकन पुर व महेन्द्र सिंह नगला भजन जलेसर ने बताया कि वो जमो स्थित पैट्रोल पर डीजल डलवाने गया डीजल की बताया कि यह खराब सा है तो डालने वाले व्यक्ति ने कहा कि आपको लग रहा है वह सही है उसके बाद उसने ट्रैक्टर चालू किया ओर चल दिया 50 मीटर चलने के बाद वह सीज हो गया आनन फानन मे लोगो ने ह्यस्त्रद्ध व पुलिस को फोन किया मोके पर पहुंच कर पुलिस इनस्पेक्टर ने अपनी हिरासत मे लिया है ओर बताया जा रहा है की कार्यवाही के नाम पर लीपा पोती की जा रही है वाह रे जलेसर प्रसाशन अँधेर नगरी चौपट राजा।

## बजरंग दल प्रखंड संयोजक रोहन देवांगन व मीडिया प्रभारी गौरव यादव के नेतृत्व में सीएम का किया गया पुतला दहन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



ओड़गी/सूरजपुर - बजरंग दल के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अमर्यादित, अशोभनीय विवादित व हिन्दु विरोधी बयान को लेकर बुधवार को जिले के ओड़गी बस स्टैंड पर विरोध स्वरूप भूपेश बघेल का पुतला दहन किया गया।

ओड़गी बजरंगदल प्रखंड संयोजक रोहन देवांगन ने बताया कि पूरे भारत वर्ष सहित विश्व में शौर्य, शक्ति, धार्मिक अनुष्ठान व सर्व हिन्दु समाज की शक्ति भगवा ध्वज, भगवा रंग का अपमान करने की ठेकादारी मुख्यमंत्री और उनके पिता ने लिया है। मुख्यमंत्री के पिता द्वारा पूर्व में प्रभु श्रीरामजी व हिन्दु समाज को अपमानित करने का प्रयास किया था। विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल देश, धर्म, संस्कृति व सेवा सुरक्षा संस्कार को लेकर कार्य करता है। बजरंग दल और भगवा पर अशोभनीय टिप्पणी कर मुख्यमंत्री ने करोड़ों हिन्दुओं की भावना को ठेस पहुंचाया है। बजरंग दल ने मुख्यमंत्री के पुतले जलाये गये। इस मौके पर बजरंग दल मीडिया प्रभारी गौरव यादव, नीरज गुर्जर, जगदेव यादव, अरुण सिंह, निखिल गोयल, अशोक साहू, अभिषेक यादव, शुभम यादव, जगदेव गुर्जर रूपेंद्र यादव ,सजीवन यादव, सनी रजक ,अभिषेक यादव, रोहित दुबे व काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के दिशा निर्देशन पर तीन दिवसीय आयुष्मान शिविर का समापन किया गया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर में आज दिनांक 21/12/2022 को महाविद्यालय के प्रशासनिक प्रभारी प्राचार्य धीरेंद्र कुमार जायसवाल (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य) के दिशा निर्देशन पर तीन दिवसीय आयुष्मान शिविर का समापन किया गया, जिसमें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के संबंध में श्री अशर्फी जायसवाल के द्वारा तीन दिवसीय शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया गया जो कि कार्यालय प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर विकासखंड ओड़गी जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा महाविद्यालय में शिविर आयोजन करने के लिए दिनांक 19/12/2022 से 21/12/2022 तक सहायता मांगी गई थी जिससे कि छात्रों का आयुष्मान पंजीयन में आयुष्मान कार्ड बनाया जा सके । इस शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक जे आर पैकरा , चंद्रदेव राजवाड़े , अखिलेश, ,रितेश, प्रियांशु, शिखा दुबे , हरिशंकर एवं समस्त छात्र-छात्राओं ने भरपूर सहयोग किया ।

## सोने-चांदी के गहने चमकाने के नाम पर महिला से ठगी, 70 हजार से अधिक के गहने ले उड़े ठग



छत्तीसगढ़-ठगों ने सोने चांदी के जेवरात चमकाने के नाम से सोने के हार और टॉप्स लेकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।पूरे प्रदेश में इन दिनों सोने चांदी चमकाने के नाम से ठगी करने के मामले सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में राजनांदगांव में भी ऐसी वारदात सामने आई हैं। कोतवाली थाना अंतर्गत ममता नगर में ठगों ने सोने चांदी के जेवरात चमकाने के नाम से सोने के हार और टॉप्स लेकर फरार हो गए। वहीं मामले को देखते हुए पुलिस ने अलर्ट जारी किया है और लोगों से अपील की है ऐसे संदिग्ध लोगों की सूचना तत्काल संबंधित थाने को दें और पुलिस को इसकी जानकारी दें।जानकारी के मुताबिक, शहर के ममता नगर में रहने वाली महिला के घर दो अनजान युवक पहुंचते हैं और उनसे कहते हैं कि हम बर्तन साफ करने वाले हैं और पुराने बर्तनों को और दाग धब्बे को हटाकर चमका देते हैं।

उनके झांसे में आकर इन महिलाओं ने बर्तन दिए उन्होंने बर्तन को उनके सामने साफ किया उसके बाद धीरे-धीरे अपने बातों में फंसाते हुए और इन महिलाओं को झांसा देते हुए ठगों ने सोने की गले की चैन और कान के टॉप्स को केमिकल डालकर चमकाने की बात कही और उसे साफ करने लगे। इस दौरान मौका मिलते ही उन्होंने सोने-चांदी के जेवरात को छिपा लिया और एक पाउडर नुमा पैकेट बनाकर उन्हें फ्रिज में रखने को दिया। जब महिलाओं ने कुछ देर के बाद उस पुड़िया को खोलकर देखा तो उसमें कंकर पत्थर थे और वह तब तक ठगी का शिकार हो गए थे। ठग महिला से लगभग 70 हजार रूपये के सोने के गहने ले उड़े।

## छात्राओं को किया गया साइकिल वितरण



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदिया में 19 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत भैयाथान की अध्यक्ष सुलोचनी पैकरा व कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस भटगांव विधानसभा के उपाध्यक्ष लालजी राजवाड़े के द्वारा किया गया एवं विद्यालय के शिक्षक व शिक्षा समिति के अध्यक्ष हूल्लास राजवाड़े के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुलोचनी पैकरा ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों के घर और विद्यालय के दूरी को कम करना चाहती है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लालजी राजवाड़े ने कहा कि शासन हमारे गांव घर की बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त होने में कोई दिक्कत ना हो इस कारण से यह आयोजन व वितरण किया गया है एवं कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापित शिक्षक श्यामलाल पैकरा के द्वारा किया गया। वहीं छात्राओं के चेहरों पर काफी खुशी झलक रही थी।

## दो लोगों ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान, परिजनों में मचा कोहराम

छत्तीसगढ़-अलग-अलग जगहों पर दो लोगों ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मौत की खबर सुनते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। सभी का रो रोकर बुरा हाल है। जांजगीर चांपा जिले के नैला चौकी थाना क्षेत्र के खोखसा फाटक के पास 55 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। मृतक सुरेश यादव बलौदा विकासखंड के नवागांव के मिडिल स्कूल में शिक्षक थे। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। मृतक के बेटे ने बताया की मेरी शादी अभी जनवरी माह में होने वाली है उसी को लेकर वे हमेशा चिंतित रहते थे। उधर, शादी के लिए बैंक से 12 लाख रुपए की लोन भी लिया था।

वहीं, अकलतरा थाना क्षेत्र के मुरलीडीह रेलवे ट्रैक पर भी मंगलवार की देर शाम के बिलासपुर जिले के बायलबंद के रहने वाले नरेंद्र केवट 35 वर्ष ने भी ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वह अपने ससुराल तरोद 18 दिसंबर को आया हुआ था। उसकी पत्नी ने बताया कि मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसे इलाज के लिए लेकर आए थे। जिसके बाद 20 दिसंबर की दोपहर घर वह घर से निकला था।

बहुत देर तक घर नहीं आया खोजबीन की जा रही थी। तभी पता चला की मुरलीडीह रेलवे ट्रैक पर कटा हुआ शव मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सीएससी अस्पताल में रखा गया था। आज बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

# कोर्ट में पेशी के लिए जा रहे आरोपियों ने पुलिस पर झोंका फायर, एक सिपाही घायल




बागपत- ऑनलाइन टीम। बागपत में छह साल के बच्चे की हत्या में पकड़े गए आरोपी चाचा-भतीजा दरोगा की पिस्टल लेकर ही भाग गए। हालांकि इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। बता दें पुलिस दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने जा रही थी। उसी दौरान पुलिस कस्टडी से दोनों आरोपी दरोगा की सर्विस पिस्टल लेकर भाग गए। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस पर फायर भी झोंका। इसमें एक सिपाही के गोली लगी है। जो घायल है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। क्या है मामला- बता दें कि 40 लाख की फिरौती वसूलने के लिए चाचा और चचेरे भाई ने अपने एक साथी के साथ मिलकर शौर्य का अपहरण कर स्कूली बैग की डोर से गला दबाकर हत्या कर दी थी। वारदात की किसी को भनक न लगे, इसलिए प्लास्टिक के बोरे में मासूम का शव डालकर गड्ढे में दबा दिया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर पांचवें दिन मंगलवार देर शाम मासूम का शव बरामद कर केस का राजफाश कर दिया। ग्राम फखरपुर निवासी सोहनपाल उर्फ सोनू का छह वर्षीय इकलौता बेटा शौर्य कक्षा एक का छात्र था। शौर्य 15 दिसंबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे ट्यूशन से घर लौट रहा था। घेर से करीब 60 मीटर की दूरी से रहस्यमय ढंग से गायब हो गया था। पुलिस ने शक के आधार पर छात्र शौर्य के रिश्ते के चाचा विनीत व चचेरे भाई अक्षित के अलावा गांव के युवक डैनी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो आरोपितों ने शौर्य की हत्या करना स्वीकार कर किया था। दोनों को पुलिस कोर्ट में पेश करने जा रही थी।

# बायजू अभिभावकों के नंबर खरीद दे रहा धमकी- "कोर्स नहीं खरीदा तो बच्चों का भविष्य होगा बर्बाद"




स्कूली बच्चों और अभिभावकों से साथ गलत व्यवहार को लेकर बाल अधिकार निकाय एनसीपीसीआर ने कंपनी के सीईओ बायजू रवींद्रन को किया है। अब एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने बायजूस के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। एडटेक कंपनी बायजू की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। स्कूली बच्चों और अभिभावकों के साथ गलत व्यवहार को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) ने कंपनी के सीईओ बायजू रवींद्रन को नोटिस किया है। अब एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने बायजूस के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि उसे पता चला है कि बायजू कथित तौर पर बच्चों और उनके माता-पिता के फोन नंबर खरीद रहा है और उन्हें धमकी दे रहा है कि अगर उन्होंने उनके पाठ्यक्रम नहीं खरीदे तो उनका भविष्य बर्बाद हो जाएगा। बायजू के सीईओ को समन किए जाने पर कानूनगो ने मंगलवार को कहा कि हमें 2021 की दिसंबर में शिकायत मिली थी कि कम आय वाले बच्चों के माता-पिता के पास बायजू के सेल्स एग्जीक्यूटिव जाते हैं और ईएमआई बोलकर फाइनेंस कंपनी से माता-पिता की क्षमता से अधिक के लोन दिलवाते हैं। उन्होंने कहा कि हाल में ही हमने एक रिपोर्ट पढ़ी जिसमें बायजू के काम करने का तरीका नहीं बदला था जिसके बाद हमने बायजू के सीईओ को समन किया है और आयोग के सामने 23 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है जिसके बाद हम आगे की कार्रवाई तय करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें पता चला है कि यह बच्चों का साइकोमेट्रिक टेस्ट करते हैं और बच्चों के माता-पिता को डराते हैं कि उनके बच्चों का भविष्य खत्म हो चुका है। वे बच्चों को ऐसा नहीं कह सकते। हमें जहां जैसी त्रुटि मिलेगी हम वैसी कार्रवाई करेंगे।

## बायजू रवींद्रन को समन

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बीते शुक्रवार को बायजू के सीईओ बायजू रवींद्रन को छात्रों के लिए अपने पाठ्यक्रमों की गलत बिक्री में कथित कदाचार को लेकर समन जारी किया और 23 दिसंबर को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा है। इससे पहले बाल अधिकार निकाय ने एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया था, जिसमें दावा किया गया था कि एडटेक कंपनी स्कूली बच्चों के परिवारों को भारी कर्ज लेने के लिए मजबूर कर रही है। इसके लिए छात्रों पर भी मानसिक रूप से दबाव बनाया जाता है। वहीं दूसरी ओर, एडटेक प्रमुख बायजू ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) के हवाले से मीडिया में चल रही रिपोर्ट का जोरदार खंडन किया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# लटके-झटके वाले बयान को कांग्रेस नेता अजय राय ने बताया सही, नहीं मांगेंगे माफी, दिए ये तर्क



कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के बयान ने यूपी में नई राजनीतिक हलचल पैदा कर रखी है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर अपनी टिप्पणी को लेकर विवाद और सियासी सरगर्मी के बीच अजय राय ने कहा है कि यह असंसदीय भाषा नहीं है।केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर अपनी टिप्पणी को लेकर विवाद और सियासी सरगर्मी के बीच अजय राय ने कहा है कि यह असंसदीय भाषा नहीं है। इसलिए वह किसी से माफी नहीं मांगेंगे। उनका हैं। उत्पीड़न की कार्रवाई से कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा और मजबूत होगी। मैंने कोई अमर्यादित व आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग नहीं किया है। अपने बयान का समर्थन करते हुए कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने अपने ऊपर दर्ज एफआईआर को दबाव की राजनीति करार दी है।

## क्या है पूरा मामला

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को सोनभद्र पहुंची थी। यात्रा



कहना है कि यह उनकी बोलचाल की भाषा है। पूर्वांचल में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान चंदौली पहुंचे अजय राय ने स्पष्ट किया कि उन्होंने लटके-झटके बयान उन्होंने क्यों दिया था। अजय राय ने कहा कि प्रयागराज प्रांत का अध्यक्ष होने के नाते वह अमेठी जाते रहते हैं। अमेठी का आम आदमी वहां के सांसद और मंत्री को खोज रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार, राजीव गांधी प्रधानमंत्री होते हुए भी अमेठी में जाते रहे हैं। स्मृति ईरानी का पता नहीं है। कोई भी नया कल कारखाना नहीं बना, कोई नया प्रतिष्ठान नहीं बना। वहां जो कल कारखाने चल रहे थे वे भी बंद हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेठी की सड़कें खराब हो चुकी हैं। ऐसे में अमेठी की जनता सांसद को खोज रही है कि कल कारखाने कब चालू होंगे और सड़क कब बनेगी। यह उदाहरण देते हुए अजय राय ने कहा कि इसी संदर्भ में उन्होंने कहा था कि कल कारखानों के निर्माण लटके हुए हैं और टूटी सड़कों पर लोग झटके खा रहे हैं।

## एफआईआर को करार दिया दबाव की राजनीति

मगर, अनावश्यक भय उत्पन्न करने वाले इसे तोड़ मरोड़ का प्रस्तुत कर रहे की अगुवाई कर रहे प्रयागराज के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर हल्ला बोला। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि जनता के वोट की ताकत की बदौलत वह वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा की हार होगी। अमेठी की जनता भी लटके-झटके दिखाकर जाने वाली सांसद को हराने का मन बना चुकी है। वहां भी कांग्रेस को बड़ी जीत मिलेगी। अमेठी की ज्यादातर फैक्टरियां बंद होने की कगार पर हैं। वहां 2024 का लोकसभा चुनाव राहुल गांधी ही जीतेंगे।

## स्मृति ईरानी ने किया पलटवार

अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने अजय राय के बयान पर कांग्रेस को घेरा। उन्होंने ट्वीट किया, सुना है राहुल गांधी ने आपने अपने किसी प्रांतीय नेता से अभद्र तरीके से 2024 में अमेठी से लड़ने की घोषणा करवाई है। तो क्या आपका अमेठी से लड़ना पक्का समझूं। दूसरी सीट पर तो नहीं भागेंगे? डरेंगे तो नहीं? राहुल गांधी और उनकी मां को पटकथा लेखक की जरूरत है। बता दें, अजय राय की टिप्पणी के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा है। वहीं सोनभद्र में भाजपा महिला नेता ने मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# नगर निकाय चुनाव: ओबीसी आरक्षण से जुड़ी याचिका पर आज भी नहीं आया फैसला, गुरुवार को भी होगी सुनवाई




राज्य सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि निकाय चुनाव के मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को ही आरक्षण का आधार माना जाए। साथ ही इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट गुरुवार को भी सुनवाई करेगी। निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में दाखिल जनहित याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई हुई। हालांकि समय की कमी के चलते सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। कल भी सुनवाई जारी रहेगी। इसी के साथ न्यायालय ने निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करने पर लगाई गई रोक को भी कल तक के लिए बढ़ा दिया है। लगभग 2=45 से शुरू हुई बहस के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है, इसका सामाजिक, आर्थिक अथवा शैक्षिक पिछड़ेपन से कोई लेना देना नहीं है, लिहाजा ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पूर्व सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है। मंगलवार को हुई सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में अभी तक मांगे गए सारे जवाब दाखिल कर दिए गए हैं। इस पर याचियों के वकीलों ने आपत्ति करते हुए सरकार से विस्तृत जवाब मांगे जाने की गुजारिश की, जिसे कोर्ट ने नहीं माना। जिसके बाद बुधवार को भी सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि निकाय चुनाव के मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को ही आरक्षण का आधार माना जाए। साथ ही इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। वहीं ट्रांसजेंडर्स को आरक्षण दिए जाने के मामले में नगर विकास विभाग के सचिव रंजन कुमार ने हलफनामे में कहा कि इन्हें चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता। वहीं सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने इस मामले को सुनवाई के बाद जल्द निस्तारित किए जाने का आग्रह किया। अदालत ने दोनों पक्षों के वकीलों से कहा है कि वह पूरी तैयारी से कोर्ट में आएं।

## सीबीआई कोर्ट ने 5 पुलिसकर्मियों को सुनाई आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- 16 साल पहले हुए फर्जी एनकाउंटर के मामले में पुलिस कर्मियों को कोर्ट ने माना दोषी फर्नीचर का काम करने वाले राजाराम का किया गया था फर्जी एनकाउंटर गाजियाबाद सीबीआई कोर्ट में चल रहा था मामला पीड़ित के परिजनों ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ फांसी की मांग की थी एटा पीपल अड्डा से पहलोई जनपद कासगंज परिजनों के साथ जा रहे थे राजाराम सीबीआई कोर्ट ने 5 पुलिसकर्मियों को सुनाई आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा, बाकी चार आरोपियों को सुनाया 5 वर्ष का कारावास परिजनों मैं खुशी,भाई अशोक बोला मिला न्याय तत्कालीन एटा जनपद के सिधपुरा वर्तमान कासगंज मैं हुआ था फर्जी एनकाउंटर

## मेडिकल कॉलेज में एस.एन.सी.यू. यूनिट का शुभारंभ किया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिलाधिकारी महोदय अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा मेडिकल कॉलेज में एस.एन.सी.यू. यूनिट का शुभारंभ किया गया जिलाधिकारी ने एमसीएच बिल्डिंग के द्वितीय तल पर एस.एन.सी.यू. यूनिट का किया शुभारंभ नवजात शिशुओं हेतु बनाए गए 12 बैड के उच्च स्तरीय यूनिट में मिलेगी बेहतर इलाज की सुविधा जनपद के नवजात शिशुओं की देखभाल में एस.एन.सी.यू. यूनिट मील का पत्थर-जिलाधिकारी इस अवसर पर मेडीकल कॉलेज के प्राचार्य डा0 नवनीत कुमार, सीएमओ डा0 यूके त्रिपाठी, सीएमएस डा0 अशोक कुमार, सीएमएस डा0 राजेश अग्रवाल, डा0 रजनी पटेल, यूनीसेफ डीएससी आलोक वर्मा, मेडीकल कॉलेज के अन्य चिकित्सक, फैकल्टी स्टाफ आदि मौजूद रहे।

# पांच पुलिसकर्मियों को आजीवन कारावास तो चार को पांच-पांच साल जेल, CBI कोर्ट ने सुनाई सजा



सिपाही राजेंद्र ने राजाराम से अपने घर की रसोई में काम कराया था। राजाराम ने मजदूरी के पैसे मांग लिए थे। सिपाही ने मना किया तो राजाराम अड़ गया था। इसी पर सिपाही ने साजिश रच ली। राजाराम पर एक भी केस दर्ज न होने के बावजूद सिढ़पुरा थाने की पुलिस ने उसे लुटेरा बताया। एटा में 16 साल पहले फर्नीचर कारीगर राजाराम की हत्या कर मुठभेड़ का रूप देने के मामले में दोषी पांच पुलिसकर्मियों को बुधवार को सीबीआई की अदालत ने आजीवन कारावास और 38-38 हजार रुपये अर्थदंड और चार पुलिसकर्मियों को पांच-पांच साल जेल व 11-11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। एक आरोपी पुलिसकर्मी की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है। एटा में 16 साल पहले फर्जी मुठभेड़ में व्यक्ति की हत्या करने के दोषी तत्कालीन थाना प्रभारी पवन सिंह, एसआई पाल सिंह ठेनुआ, सरनाम सिंह, राजेंद्र प्रसाद और जीप चालक मोहकम सिंह को विशेष सीबीआई कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पांचों पर अदालत ने हत्या के मामले में 33-33 हजार और साक्ष्य मिटाने के मामले में 11-11 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। इसके अलावा चार पुलिसकर्मियों- बलदेव प्रसाद, अजय कुमार, अवधेश रावत और सुमेर सिंह को हत्या के आरोप से बरी कर दिया, लेकिन साक्ष्य मिटाने और झूठी सूचना देने के मामले में 5 - 5 साल की सजा और 11- 11 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। वर्ष 2009 में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद 13 साल चली सुनवाई में 202 लोगों की गवाही के बाद साबित हुआ कि सिपाही राजेंद्र ने राजाराम से अपने घर की रसोई में काम कराया था। राजाराम ने मजदूरी के पैसे मांग लिए थे। सिपाही ने मना किया तो राजाराम अड़ गया था। इसी पर सिपाही ने साजिश रच ली। राजाराम पर एक भी केस दर्ज न होने के बावजूद सिढ़पुरा थाने की पुलिस ने उसे लुटेरा बताया। उसका शव परिवारवालों को देने के बजाय खुद ही अज्ञात में दाह संस्कार कर दिया था। सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक अनुराग मोदी ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट में दर्ज परिवाद में राजाराम की पत्नी संतोष कुमारी ने बताया था कि उसके पति को थाना सिढ़पुरा जिला एटा के पुलिसकर्मी पवन सिंह, पालसिंह ठेनुवा, अजंट सिंह, सरनाम सिंह और राजेन्द्र प्रसाद ने 18 अगस्त 2006 को दोपहर तीन बजे उठा लिया था। उस समय वह पति राजाराम, जेठ शिव प्रकाश, देवर अशोक के साथ अपनी बीमार बहन राजेश्वरी देवी को पहलोई गांव में देखने जा रही थी। उसने बताया कि उसने पति को पुलिस से छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिसकर्मियों ने कहा कि पूछताछ के लिए ले जा रहे हैं, अगले दिन छोड़ देंगे। 28 अगस्त 2006 को थाना सिढ़पुरा की पुलिस ने एक लुटेरे की मुठभेड़ में मौत बताई। उसके शव को अज्ञात में जला देने के बाद बताया कि वह राजाराम था। संतोष ने बताया कि वे पहले केस दर्ज कराने के लिए थाने गए तो पुलिस ने भगा दिया। जिला अदालत में प्रार्थना पत्र दिया तो अर्जी खारिज हो गई। इसके बाद वे लोग हाईकोर्ट गए। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सीबीआई जांच के आदेश दिए। 2007 में जांच शुरु कर सीबीआई ने 2009 में सिढ़पुरा के तत्कालीन थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह सहित दस पुलिसकर्मियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान आरोपी दरोगा अजंट सिंह की मृत्यू हो गई। नौ पुलिसकर्मी हत्या और साक्ष्य मिटाने के दोषी सिद्ध हुए। एक भी केस दर्ज नहीं फिर भी बताया लुटेरा- राजाराम के खिलाफ किसी भी थाने में कोई केस दर्ज नहीं था। वह पुलिसवालों के घर भी फर्नीचर की मरम्मत का काम करता था। इसके बावजूद उसे लुटेरा बताकर मुठभेड़ में उसकी हत्या की। पुलिसवाले उसे पहचानते थे, फिर भी शव की शिनाख्त नहीं की और अज्ञात में दाह संस्कार किया। उसके परिजनों को उसके मर जाने की सूचना भी नहीं दी। कोर्ट में पुलिस न तो उसे लुटेरा साबित कर सकी और न ही मुठभेड़ को असली। ये पाए गए दोषी- 1 पवन सिंह, तत्कालीन थानाध्यक्ष, थाना सिढ़पुरा, ग्राम बदेहरी थाना छपार, 2. श्रीपाल ठेनुआ, तत्कालीन उपनिरीक्षक, थाना सिढ़पुरा 3. सरनाम सिंह, तत्कालीन आरक्षी, थाना सिढ़पुरा, थाना बेवर, मैनपुरी 4. राजेन्द्र प्रसाद तत्कालीन आरक्षी थाना सिढ़पुरा एटा स्थाई निवासी= डिनौली, थाना टूंडला फिरोजाबाद 5. मोहकम सिंह तत्कालीन सरकारी वाहन चालक थाना सिढ़पुरा निवासी नंगला डला तहसील करहल, मैनपुरी 6.बलदेव प्रसाद, आरक्षी सिढ़पुरा थाना निवासी कस्बा व, हरदोई टरा, थाना रूवेन, आगरा